राज
कॉमिक्स विशेषांक
संख्या 2516
स्पेशल्स
सुपर कमाण्डो ध्रुव
सर्वनायक वर्ष 2012
HEMANT
JAGDISH
VINENDRA

सुपर कमांडो ध्रुव

राजनगर के आकाश में चमकता अटल सितारा जिसकी चमक के आगे अपराधियों की आंखे और हौंसले दोनों चौंधियाते रहते हैं। लेकिन अपराधियों पर ग्रहण की तरह लग जाने वाले इस अपराध विनाशक की आंखों में ज्वाला जलती रहती है। प्रतिशोध की ज्वाला। और ये ज्वाला भड़की सर्कस की उस आग से जिसने ध्रुव से उसका सब कुछ छीन लिया। उसके माता-पिता राधा, श्याम, उसके ट्रेनर्स रंजन, सुलेमान, शेरखान, पवन और हरक्युलिस, सर्कस के सारे दोस्त जानवर, सर्कस के मालिक जैकब आदि सब कुछ जलकर राख हो गया। और राख हो गया सर्कस का एक उभरता करतबबाज। अब वो प्रतिशोध की आग में जलता एक अंगारा बन चुका था जिसका रुख अब गुनहगारों के अड्डे की तरफ था यानी ग्लोब सर्कस। ध्रुव सर्कस की अलग-अलग कलाओं का धनी तो था ही दिमाग का भी धनी था। अपने इसी दिमाग के बल पर उसने हत्यारों को तिगनी का नाच नचा दिया। उसकी जगह कोई और होता तो एक-एक को मौत की सूरत दिखला देता। लेकिन उसने शपथ ली थी कि वो किसी की जान नहीं लेगा। लेकिन नियति बड़ी बलवान होती है। उसने गुनहगारों को नहीं बख्शा। इस जघन्य हादसे के जिम्मेदार ग्लोब सर्कस के मालिक बॉस और जुबिस्को को उनकी करनी का दंड देने के बाद ध्रुव दिशाहीन सा हो गया। उसे अपराध से घृणा हो गयी थी पर भविष्य की कोई योजना उसके मन में नहीं थी। तब ध्रुव को सही दिशा दिखाने सामने आये एस. एस.पी. राजन मेहरा। उन्होने ना सिर्फ ध्रुव के अपराध उन्मूलन के अभियान को एक शक्ल दी बल्कि उसे अपना पुत्र बनाकर उसका परिवार भी लौटा दिया, जिसमें शामिल थी ममता की मुर्ति मां रजनी मेहरा और एक चुलबुली, शरारती और नटखट बहन श्वेता। तब ध्रुव ने राजनगर में नींव डाली अपराध के खिलाफ मोर्चा लेने वाली कंमाडो फोर्स की। जिसके कैडेट्स हैं पीटर, करीम, रेणु और जिसका कैप्टन है सुपर कंमाडो ध्रुव। अपराध के विरूद्ध इस अंतहीन सफर मे कई नये आयाम जुड़ते चले गये। चंडिका, नताशा, ब्लैक कैट, धनंजय, सामरी, वनपुत्र जैसे दोस्त मिले तो रोबो, ध्वनिराज, चुंबा, बौना वामन जैसे समाज के दुश्मन भी मिले। लेकिन ध्रुव इन सबसे ना सिर्फ टकरा गया बल्कि उनके लिये खौफ का दूसरा नाम भी बन गया। और ये सब वो कर पाया अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, बेमिसाल बुद्धि और सर्कस में सीखी अपनी कलाओं के दम पर। आसपास की चीजों को हथियार बना लेना और पशु-पक्षियों से बात कर लेना ये ध्रुव की ऐसी क्षमताऐं हैं जो हारी बाजी भी पलट देती हैं।

इससे पहले कि तू 'मास्टर' और उनके अनुयाइयों को तबाह करने के अपने मंसूबे में कामयाब हो...
अघोरा तुझे तेरे परिवार के साथ तबाह कर देगा, स्वामीनाथन!
यह गैजेट्स खास तंत्र ऊर्जा को सोख कर उन्हें कई गुना अधिक घातक बनाने के लिए निर्मित किए गए हैं।
इनसे निकला वार तुम तीनों को पल भर में खाक कर देगा।
स्नाक!
इतने खतरनाक डॉयलॉग्स बोलते हो, घातक हथियार रखने की तो तुम्हें जरुरत ही नहीं है।
सुपर कमांडो ध्रुव!!
तू अघोरा के काम में रुकावट डाल सकता है इसके लिए 'मास्टर' ने पहले ही अघोरा को सचेत किया था।
MA-1510

यह जिंक्स्ड बाल्स तुझे उछलना-कूदना तो दूर एक कदम उठाने लायक भी नहीं छोड़ेंगी।
इंग्लिश बोलने वाला अघोरी, वाकई घोर कलियुग आ गया है।
अब तो 'सी-ग्रेड' विलेंस भी 'बी-ए' पास होते हैं।
सी-ग्रेड!! अघोरा को सी-ग्रेड बोला तूने!
पेरानौर्मल साइंस का विशेषज्ञ है अघोरा।
इसके झटके भी 440 वोल्ट के करेंट जैसे ही हैं जोकि मुझे अपनी जगह से हिलने नहीं दे रहे।
चिर्रर्र्र
यह गेंदें किसी उपग्रह की तरह मेरे चारों ओर चक्कर काट रही हैं और मेरे कदम आगे बढाते ही तीव्र करेंट डिस्चार्ज कर रही हैं।
अघोरा की जिंक्स्ड बाल्स करेंट जैसी ऊर्जा प्रवाहित कर रही हैं।
भागने की कोशिश करना बेकार है स्वामीनाथन, तू जानता है कि मुझे क्या चाहिए!
अब फैसला तेरे हाथ में है कि मुझे मेरे मतलब की चीज़ देगा, या फिर अपनी जान!
स्क्रीच
उस फैमली को बचाने के लिए मुझे इस कैद से निकलना होगा।
चिर्रर्र्र
यदि इन गेंदों की ऊर्जा विधुत प्रवाह के सिद्धांत पर काम कर रही है तो इसे निष्क्रीय करने का सबसे आसान तरीका है शॉर्टसर्किट।

...जिसे मेरी नाइलो-स्टील रोप और रबर के सक्शन कप्स आसानी से अंजाम दे सकते हैं।
यह क्या? तंत्र माला अपने आप कैसे टूट गई, इसे तो सौ हाथियों का बल भी नहीं तोड़ सकता!!
लगता है शैतान की शक्तियां जागृत हो रही हैं!
जिंक्सड बाल्स तो निष्क्रीय हो गईं, अब अघोरा से निपटा जाए!
य..यह नहीं हो सकता.. 'मास्टर' का डर सही निकला!
शैतान की जागृत हुई शक्तियां मेरी मृत्यु का कारण बन गयीं! अब उसे उत्पात मचाने से कोई नहीं रोक सकता..आ...ह..
यह क्या हो रहा है, मुझे ऐसा लगा जैसे यह आग अपने आप गाड़ी और उसके आस-पास की हवा में लग गयी हो और यह गाड़ी अपने आप हवा में कैसे उठने लगी!!
अघोरा तो जल कर खाक हो गया इससे पहले की आग पेट्रोल तक पहुंचे मुझे गाड़ी में मौजूद लोगों को बचाना होगा।

ऊफ! कार में सवार दोनों व्यक्ति भी अघोरा की तरह ही जल कर मर चुके हैं।
लेकिन आग की लपटें इस बेहोश बच्चे तक नहीं पहुंची हैं!
बूम
संजय गुप्ता प्रस्तुत करते हैं!
स्पेशल्स
राज कॉमिक्स है मेरा जुनून!
लेखक : नितिन मिश्रा चित्रांकन : सुनील पासवान
इंकिंग : सागर थापा, सुनील पासवान
रंग सज्जा : शादाब सिद्दीकी शब्दांकन: मंदार गंगेले
संपादक : मनीष गुप्ता

30TH OCTOBER
तैयार रहो वह आ रहा है।
हम अटैक करने को तैयार हैं।
इस बार यह बचना नहीं चाहिए, सब अपनी-अपनी पोजीशन्स ले लो।
रेडी!
अटैक!
NANHE SITARE
THIS IS NOT FAIR DHRUVA BHAIYA! आप हर बार कैसे बच जाते हैं?
हाहाहा! जब मैं छोटा था तब मैं भी छिप कर माँ को और ज्यूपिटर सर्कस के दूसरे कलाकारों को ऐसे ही डराता था!
धत्त! इसीलिए आपको सारे ट्रिक्स पता हैं, लेकिन अब हम क्या करें? आपको डराएं कैसे?
और आपको डराना तो बहुत इम्पोर्टेंट है क्योंकि कल हेलोवीन नाईट है, अब आप ही बताओ हम आपको कैसे डराएं।
कल तुम सब अपनी हेलोवीन कॉस्ट्यूम्स तो पहनोगे ही, मैं तुम सब को देख कर ही डर जाऊंगा!
सच्ची!
मुच्ची!
तुम लोगों ने फिर से अपने ध्रुव भईया को आते ही परेशान करना शुरू कर दिया!

चलो जा कर प्ले-ग्राउंड में खेलो!
सितारा दीदी तो जब देखो तब डांटती रहती हैं, लेकिन आप अपना प्रॉमिस मत भूलना!
बिल्कुल नहीं भूलूंगा!
थैंक्स ध्रुव, तुम्हारे आने से बच्चों को तो मानो कोई नियामत मिल जाती है!

थैंक्स तो मुझे तुम्हें कहना चाहिए, सितारा! तुम इन अनाथ बच्चों के लिए जो कर रही हो वह वाकई काबिल-ए-तारीफ है!

हर बच्चा स्पेशल होता है ध्रुव! हर बच्चे में एक अलग प्रतिभा,एक अलग ऊर्जा होती है जोकि माता-पिता के संरक्षण, स्नेह और मार्गदर्शन से सही दिशा पाकर निखरती है!
लेकिन इन सभी बच्चों ने किसी ना किसी हादसे में अपने माता-पिता को खो दिया जहां इनके माता-पिता व परिवार तो खत्म हो गए लेकिन इन बच्चों का बाल भी बांका ना हुआ!

मैंने खुद एक हादसे में अपने माता-पिता को खो दिया था, इसलिए मैं इनका दर्द समझ सकती हूं!
'नन्हे सितारे' के जरिए मैं इन बच्चों को वह संरक्षण, स्नेह और मार्गदर्शन देना चाहती हूं जो मुझे नहीं मिला!

AND YOU ARE DOING A WONDERFUL JOB!
थैंक्स ध्रुव! तुम्हारे सपोर्ट के बिना यह काफी मुश्किल होता।

तुम इन बच्चों के पालन-पोषण और पढ़ाई पर करोड़ों रुपए खर्च करते हो और किसी को पता भी नहीं चलने देते।
मेरी कहानी तुमसे और इन बच्चों से कुछ ज़्यादा अलग नहीं है, सितारा!
ज्यूपिटर सर्कस के हादसे में मैं तो बच गया पर मैंने अपने माता-पिता को हमेशा के लिए खो दिया
पांच दिन पहले के उस हादसे की तरह जिसमें जीवित बच गए बच्चे को मैं यहां ले आया था। कैसा है वह?
अभी भी शॉक में है!
उसका इस शॉक से निकलना बहुत ज़रूरी है सितारा, वही एकमात्र कड़ी है जो मुझे असली अपराधी तक तक पहुंचा सकता है!
लेकिन वह तो अपना नाम तक नहीं बता पा रहा है!
अंश नाम है उसका! उसके पिता परामानवीय विज्ञान विशेषज्ञ प्रोफेसर स्वामीनाथन के प्रोफाइल रिकॉर्ड्स जांचे हैं मैंने!
परामानवीय विज्ञान यानि भूत-प्रेत, जादू-टोना?
सही लफ्ज़ों में कहा जाए तो असामान्य,मानव सभ्यता से परे शक्तियों का वैज्ञानिक विश्लेषण परामानवीय विज्ञान कहलाता है।
अंश के परिवार पर हमला करने वाला अघोरा भी परामानवीय विज्ञान का जानकार था, इससे घटना को एक अलग दृष्टिकोण मिल रहा है सितारा!
ट्राई योर लक ध्रुव! पर मुझे नहीं लगता की यह बच्चा तुम्हारी कोई भी मदद कर पाने की स्थिति में है!
अपने माता-पिता की मौत का बहुत ही गहरा सदमा लगा है इसे!

कैसे हो अंश?
क्या मैं देख सकता हूं कि आप दीवार पर क्या बना रहे हैं?
हे भगवान! कितनी अजीब-ओ-गरीब ड्रॉइंग है।
तुमनें ठीक कहा था सितारा, इसके दिमाग को वाकई बहुत गहरा सदमा पहुंचा है...
या फिर बात कुछ और है।
ओराकी एस्टेट्स, आउटर राजनगर!
ध्रुव वहां पहुंचेगा इसका अंदेशा तो था हमें लेकिन वह बच्चा कैसे बच गया?
वह बच्चा बचेगा इसका अंदेशा मुझे था।
क्या मतलब?
मतलब समझने के चक्कर में मत पड़ो ओराकी, मतलब की बात सुनो!

हमारे पास सिर्फ कल रात तक का मौका है अपने प्लान को सफल बनाने का लेकिन यह ध्रुव हमारे काम में ज़रूर अड़ंगा लगाएगा!
उसकी फिक्र आप मत कीजिए मास्टर, अघोरा नहीं रहा तो क्या हुआ अभी हमारी आस्तीन में बहुत से पत्ते छिपे हुए हैं!

ONE DAY LATER 31ST OCTOBER.
लेट हो गया, 'नन्हे सितारे' के बच्चे बैंड बजा देंगे!
ओह! कमांडो हेडक्वार्टर से मैसेज आ रहा है!
कैप्टन, स्वामीनाथन की असिस्टेंट कियारा का पता चल गया है।
अभी-अभी उसने हमारी फ्रीक्वेंसी पर डिस्ट्रेस कॉल की है!
आपसे ही बात करने की जिद कर रही थी!
तुमने उसका कॉल ट्रेस किया?
यस कैप्टेन!

"गुड! अड्रेस बताओ करीम मैं फौरन वहां पहुंचता हूं!"
ध्रुव भैया अभी तक नहीं आए, उनके बिना हम ट्रिक ऑर ट्रीट कैसे शुरू करें?
शायद ध्रुव भैया किसी सुपर विलेन से लड़ रहे होंगे!
तुम्हारे ध्रुव भैया नहीं आए तो क्या हुआ...

आज की रात मैं तुम्हारे साथ खेलूंगी...
ट्रिक ऑर ट्रीट!!!

हाहा! क्यों डरा दिया न? अरे यह मैं हूं तुम्हारी सितारा दीदी।

अच्छा चलो, सब रेडी हो जाओ अब हम लोग घर-घर जा कर ट्रिक ऑर ट्रीट खेलेंगे।

यह यकीनन वही स्थान है, मुझे यहां पर तीव्र तरंगों की अनुभूति हो रही है!

मुझे इस पूरे स्थान पर अभिमंत्रित शमशान की राख बिखेरनी होगी!

ऐ! कौन हो तुम, यहां क्या कर रहे हो?

ह..हमारी सारी कैंडीज ले लो, प..पर सितारा दीदी को कुछ मत करना!
महाकाल को उस लड़की से कोई मतलब नहीं, महाकाल का कार्य तो तुम बच्चों से सिद्ध होगा!
मेरे पास आओ प्यारे बच्चों!
बच्चों की ओर हाथ भी मत बढ़ाना महाकाल, वर्ना सितारा तेरे लिए काली बन जायेगी।
धड़ाक
आह!! तेरा यह दुस्साहस लड़की कि तू महाकाल पर वार करे।
तुझे अबला जान कर मैं तुझ पर तरस खा रहा था पर लगता है तुझे महाकाल की शक्तियों से अवगत कराना पड़ेगा।
तुझे तेरी धृष्टता की सज़ा बाद में दूंगा पहले इन बच्चों से निपट लूं!
उफ!! मैं चाह कर भी उठ नहीं पा रही हूं!

करीम का बताया अड्रेस तो यही है, पर मैं पूरा घर खंगाल चुका हूं यहां तो किसी का नामो-निशान नहीं है! कहां गई कियारा?

यह तो खून है, वह भी ताजा! इस पूरे घर में सिर्फ इसी दीवार के कोने पर मात्र दो खून के धब्बे होने का एक ही मतलब हो सकता है...

...इस दीवार के पीछे कोई खुफिया रास्ता है। बस उसे खोलने का तरीका ढूंढना होगा!

इस पूरे घर में सिर्फ इसी दीवार पर यह टाइल्स की पट्टी लगी है, इस पट्टी पर ही खुफिया दरवाजा खोलने का लीवर होना चाहिए!

इस पूरे पैनल में सिर्फ यह चक्र अपनी जगह पर नहीं... अरे! मेरे हाथ लगाते ही यह तो अपनी जगह से खिसक रहा है!

इस बेसमेंट को परामानवीय विज्ञान प्रयोगशाला का रूप दिया गया है।
ओ माई गॉड! य..यह सब क्या है?
लाश की स्थिति देखकर लगता है जैसे इसे किसी तंत्र सिद्धि के लिए इस प्रकार लटकाया गया है। मार-पीट के कोई निशान नहीं, शायद तंत्र साधना में ही इसकी जान गयी है।

ओह! मेरे इसे हाथ लगाते ही छत से बंधी डोरियां अपने आप हिल रही हैं और लाश किसी कठपुतली की तरह अपने हाथ-पांव चला रही है।

उफ!! मैं अपना हाथ इसके जिस्म से अलग नहीं कर पा रहा हूं, ऐसा लगता है जैसे मेरा शरीर नहीं मेरी आत्मिक ऊर्जा इससे जुड़ गई है।

घबराओ नहीं प्यारे बच्चों मुझे सिर्फ तुम्हारे गले में काल सूत्र बांधना है, फिर मेरा काम अपने आप हो जाएगा!

धड़ाक
मैंने तुझसे कहा न इन बच्चों से दूर रह!
शुक्र है इस फ्लाइंग ब्रूम का रिमोट कंट्रोल अभी भी मेरे हाथ में ही था!

महाकाल के हाथ से उसकी तंत्र खोपड़ी छूटते ही मैं उसकी तंत्र कैद से आज़ाद हो गई हूं, अब मैं आराम से उठ भी सकती हूं।

..और इसकी पिटाई भी कर सकती हूं!
तड़ाक

यह सारी गड़बड़ इन डोरियों के हरकत में आने से ही शुरू हुई है, पहले इनका ही बंदोबस्त करना होगा, लेकिन कैसे? मेरे हाथ लाश से इस कदर चिपके हुए हैं कि मैं स्टार ब्लेड का प्रयोग नहीं कर सकता।

शायद यह टोटके के लिए प्रयोग किया गया खंजर मेरी मदद कर सके!
बस मुझे अपने शरीर को इस कोण पर मोड़ना होगा कि खंजर तक पहुंच सकूं!

और फिर इस खंजर को छत से बंधी इन डोरियों की ओर टारगेट कर के चलाना होगा!

कहीं पर-
ओम...हिं.... क्लिं!! रक...!!

मेरा अंदाजा सही था, वे डोरियां अभिमंत्रित थीं, उनके कटते ही किंयारा का शरीर शिथिल हो गया है और मेरे हाथ भी स्वतंत्र हो गए!
आह!! यह कैसे हुआ, विपरीत शक्ति को आज़ाद किसने किया?
कड़ड़ड़ड़ड़ूम
हे भगवान! यह क्या है?
महाकाल को रोक कर तूने जो मूर्खता की है उसका परिणाम अब तेरे और इन बच्चों के साथ-साथ यह पूरा शहर भुगतेगा।
खौं..खों!
अब यहां रुक कर कुछ नहीं होने वाला, महाकाल को कहीं और पहुंचना होगा!
भक्क!!

तुम सब ठीक तो हो?
हां दीदी! पर वह दाढ़ी वाला विलेन कहां गायब हो गया?
पता नहीं! पहले भीतर चल कर देखना होगा कि इमारत पर गिरी बिजली ने क्या कहर मचाया है।
आश्चर्य की बात है, इतनी प्रचंड बिजली गिरने पर भी इमारत को कोई नुक्सान नहीं हुआ। यहां तो सब कुछ सामान्य दिख रहा है!
सितारा दीदी उधर देखो!
अंश के कमरे से इतनी तेज रोशनी कैसे आ रही है?
कहीं अंश को कुछ हो तो नहीं... हे भगवान!!!
अ...अंश!
अंश नहीं...

जैक-ओ-लैनटर्न
अपना बदला लेने के लिए आखिर मैं आजाद हो ही गया। अब होगा हैपी हेलोवीन।
हाहाहाहा!

क्या हुआ मास्टर आप ठीक तो हैं?
अहह!!!हां मैं ठीक हूं!
लेकिन लंबे समय तक नहीं रहूंगा। हमें अतिशीघ्र विपरीत शक्ति को कैद करना होगा।
विपरीत शक्ति!! वह क्या है?
समझाने का समय नहीं है, ओराकी! हमें जल्द से जल्द ध्रुव को ढूंढना होगा!
ध्रुव की बलि देने का समय आ गया है।
यह मामला तो और पेचीदा होता जा रहा है।
रहस्यों को सुलझाने के लिए मैं कियारा की तलाश कर रहा था लेकिन यहां तो उल्टा रहस्य और गहरा हो गया।
इस जगह की तलाशी में भी कुछ हाथ नहीं लगा, अब यहां रुकने का कोई फायदा नहीं है!
मुझे वापस 'नन्हे सितारे' पहुंचना होगा।
अरे...यह बीच रास्ते में कौन बैठा है?
5

कौन हो तुम? इस तरह बीच सड़क पर क्यों बैठी हो?
ऊफ! मेरे पास आते ही यह इतना वेदनापूर्ण रुदन क्यों करने लगी!!!
तुम!! तुम तो कियारा हो! तुम तो मर चुकी थीं!
क्रियाँ
ओह... इसके मुंह से निकलने वाली साउंड वेव्स मुझ पर हमला कर रही हैं!
गड़ड़ड़ड़डूम
इसकी शक्ति का प्रयोग इस पर ही करना होगा....

जो चट्टानें यह मुझ पर प्रहार करने के लिए गिरा रही है वही इसे रोकेंगी!
क्रियांssssss
गररररड़ड़
गररररड़ड़
चट्टान इसके आर-पार निकल गई, यानी यह जीवित नहीं सिर्फ आत्मा है।
लेकिन कियारा की आत्मा मुझे क्यों मारना चाहती है?
खैर! यह पता करने के लिए पहले इसे काबू में करना होगा और आत्माओं को काबू करने का कोई भी तरीका मुझे नहीं आता!

यह पास आकर मुझ पर आराम से वार कर सकती है लेकिन यह अपनी जगह से इंच भर भी नहीं हिल रही!!

यानी कुछ है जोकि इसे अपनी जगह पर बांधे हुए है! इसे किसने बांधा?

यह तो किसी प्रकार का टोटका लगता है! शायद आत्माओं को बांधने वाला टोटका!

ऐसे टोटके को खुद हटाने की कोशिश करना खतरनाक हो सकता है।
यदि यह टोटका कियारा की आत्मा को इस जगह से बांधे हुए है तो कियारा की आत्मा ही...
क्रीर्र्र
कड़ड़ाम
...इस टोटके को नष्ट करने में...
..मेरी मदद करेगी।
कड़ाक
त्रिर्यां

टोटका नष्ट होते ही कियारा की आत्मा भी गायब हो गई, लेकिन यह टोटका यहां मेरे लिए बांधा किसने?

इस लड़के ने सिद्ध कर दिया कि यह मेरे कार्य के लिए बिल्कुल उपयुक्त है...

...परन्तु अभी मुझे छिपकर इस लड़के को थोड़ा और परखना होगा।

पर मेरे पास समय भी तो बहुत कम शेष बचा है...

"जाने वह शैतानी शक्ति क्या कहर ढा रही होगी!"

ट्रिक ऑर ट्रीट!!!

थैंक यू आंटी!

हैपी हेलोवीन!!!
सारे बच्चे और सितारा कहां गए, शायद ट्रिक ऑर ट्रीट करने के लिए चले गए होंगे। मुझे भी वापस चलना चाहिए।
बचाओ!!!
सितारा!! यह तो सितारा की चीख है, अंश के कमरे से आ रही है!

ध..ध्रुव...
बचाओ मुझे!!
हर्रर्रर्रर्र!
हे भगवान!! यह हो क्या रहा है, इस हेलोवीन की रात तो लगता है सचमुच नरक का दरवाज़ा खुला रह गया है!

धड़ाक
आह !! ये आत्माएं तो तंत्र वार कर रही हैं, पर ये आई कहां से, बच्चे कहां हैं?
अ..अंश जैक-ओ-लैनटर्न बन गया है। उसने अनाथालय के सारे बच्चों को सम्मोहित कर लिया और अपने साथ ले गया!

यह आत्माएं उसी के आह्वाहन पर आई हैं
आह!
कियारा की आत्मा की तरह यह आत्माएं किसी टोटके से नहीं बंधी हुई हैं, इन्हें रोकना या बांधना बेहद दुष्कर कार्य है।

अब क्या करें ध्रुव, यह तो बच्चों की तरह उत्पाती हैं।
हम संभल भी नहीं पाएंगे और यह हम पर वार करती रहेंगी!
बच्चे!! सही कहा तुमने, यह बच्चों की ही अतृप्त आत्माएं हैं।

..हर अतृप्त आत्मा की कोई न कोई कमजोरी जरूर होती है!!!और बच्चों की एक सबसे बड़ी कमजोरी के बारे में मैं जानता हूं...

तुम्हें लगता है कि यह आइडिया इन्हें रोक पाएगा!
इस आइडिया को आजमा कर देखने के अलावा कोई चारा नहीं है।

खिलौने, खेल और झूले हर बच्चे की कमजोरी होते हैं।
अनाथालय के प्ले-हाउस में यह सभी चीजें मौजूद हैं।

अब इनका ध्यान इन चीज़ों में लगाना है।

और जैसे ही ये इस खेल में तल्लीन हों, चुपके से हम निकल लेंगे!
लेकिन कितनी देर तक!
जल्द ही यह फिर हमारे पीछे पड़ जाएंगे!
ऐसा नहीं होगा।

इन नन्हें शैतानों को महाकाल संभाल लेगा!
तुम!! ध्रुव...इस तांत्रिक ने ही सारी गड़बड़ की शुरुआत की है!
उस समय यदि तूने मेरा रास्ता नहीं रोका होता तो यह मुसीबत आती ही नहीं नादान लड़की!
कौन हो तुम? इस पूरे मामले से तुम्हारा क्या लेना-देना है?
यह मामला तुम्हें समझाना थोड़ा मुश्किल है, शायद तुम्हें मेरी बातें कोरी गप्प प्रतीत हों।
अपने छोटे से क्राइम फाइटिंग करियर में मैं इतनी चीज़ें देख चुका हूं कि गप्प और वास्तविकता में अंतर भलिभांती समझ सकता हूं।
तूने वाकई काफी दुनिया देख ली सुपर कमांडो ध्रुव, अब तेरे देखने के लिए यहां कुछ नहीं बचा!
लेकिन मैं तुझे जहां भेजूंगा वहां तू काफी कुछ देख पाएगा, नर्क जाने की तैयारी कर ले!
तूड़!
आहा! तेरी गन्दी ज़बान से अपना नाम सुन कर दिल में कुछ-कुछ होने लगा! तेरा बंदोबस्त अभी करता हूं पहले...

...अपने आदरणीय परमपूज्य गुरुदेव के चरण तो छू लूं, पाय लागूं गुरुदेव!
नीच! अपनी कलंकित जिव्हा से गुरु बुला कर मेरा अपमान करता है, मेरी क्रोधाग्नि तुझे जला कर राख कर देगी।
तेरे पास सिर्फ अघोर शक्तियां हैं महाकाल...
जबकि मेरी अघोर शक्तियों में परामानवीय विज्ञान की शक्तियां भी सम्मिलित हैं।
तू तो क्या सारी दुनिया के अघोरी मिल कर भी मुझे नहीं रोक सकते!
और जब तेरी मेरे आगे कोई बिसात नहीं तो इस कल के छोकरे की बलि लेने में मुझे कितनी देर लगने वाली है।
मुझे पता था कि तेरा अगला निशाना मुझ पर ही होगा, लेकिन तुम गुरु-चेले की आपस की बात थी इसलिए बीच में नहीं बोल रहा था!
धड़ाक
लेकिन अपने गुरु से बदतमीजी करने वाले बहुत पिटाई खाते हैं!!! देखो ऐसे!

खड़े-खड़े देख क्या रहे हो मूर्खों, निशाना लगाओ छोकरे पर, लेकिन ध्यान रहे सिर्फ घायल करना।

जिनका निशाना इतना बेकार हो उन्हें हथियार उठाने का कोई हक नहीं।

बहुत पर फड़फड़ा रही है कबूतरी, अभी तेरे पर कतरता हूं।

ताड़

धड़ाक

आहह..मर गया..फिर से वही दर्द..उफ!!

इसे क्या हुआ?

वूडू एक असाध्य रोग से ग्रस्त है ध्रुव!

जल्दी करो इसके संभलने से पहले ही इसका तंत्र मुंड उठा लो।

तंत्र मुंड की शक्ति इसके असाध्य रोग के विरुद्ध प्रतिरोधक का कार्य करती है!

तंत्र मुंड कब्जे में कर के तुम लोग वूडू से जीत नहीं सकते...तुम्हारे लिए तो वूडू का सेवक ही काफी है, बाहर निकल...

...जिन्नाद!!! महाकाल और इस लड़की को खत्म कर दे और ध्रुव को बंदी बना ले!

जो हुक्म मेरे आका!

ये क्या है, अलादीन के जादुई चिराग का जिन्न?

जिन्नाद! काली शक्तियों के सबसे बड़े धारक होते हैं, इनकी ताकत के आगे कोई नहीं ठहर सकता सिवाय उस इंसान के जिसका कि जिन्नाद गुलाम होता है!

इस जिन्नाद को हराने का कोई तो तरीका होगा!

जिन्नाद कभी नहीं हारता, अपने मालिक का दिया आदेश पूरा करने से जिन्नाद को आज तक कोई नहीं रोक सका है।
मेरी तंत्र शक्तियां इसे कुछ देर के लिए रोक तो सकती हैं पर जल्द ही इनका प्रभाव इस पर से हट जाएगा।
और फिर इसके सामने हमारी बिसात वैसी ही होगी जैसे चक्रवात में फंसे तिनके की होती है।
TRICK OR TREAT!!! TRICK OR TREAT! TRICK OR TREAT!
ओफ्फ ओ! किसके बच्चे आधी रात को पागल हुए जा रहे हैं।
अभी इस डंडे से सबका भूत उतारता हूं। ऐसी ट्रीट दूंगा कि..

...जिंदगी में फिर कभी ट्री
ईईईईई!
दोषी हैं! यह सारे दोषी हैं, सजा मिलेगी।
हेलोवीन की रात जैक और उसके साथी देंगे इन्हें सजा।

TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!!
न...नहीं! हमें छोड़ दो...
ट्रीट दे-देते तो आपका क्या जाता?

मम्मी! पापा!
जैक तुम्हारा सच्चा साथी है, जैक तुम्हें कुछ नहीं होने देगा।

TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!!
TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!!
TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!! TREAT!!!

विपरीत शक्ति के तीव्र संकेत प्राप्त हो रहे हैं। यानी वह आस-पास ही है, मुझे जल्द ही उस तक पहुंचना होगा।
लेकिन ध्रुव का क्या करें?
उसे जिन्नाद संभाल लेगा!

जिन्नाद! ध्रुव को ज़िन्दा हमारे ठिकाने तक ले आना।
जो हुक्म मेरे आका।

तुम लोगों ने एक बात पर गौर किया? वूडू के जिन्नाद को आदेश देते ही वूडू और जिन्नाद दोनों के हाथों की अंगूठियां चमक उठी थीं।
जिन्न हमेशा उसके आधीन रहता है जिसके पास उसे काबू करने की शक्ति होती है, जैसे अलादीन के पास चिराग था।
यहां चिराग तो नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह अंगूठी ही वह शक्ति है जोकि जिन्नाद को वूडू के आधीन किये हुए है।
जिन्नाद प्रकट भी तभी हुआ था जब वूडू ने अपनी अंगूठी घिसी थी।

तुम्हारा सोचना सही है ध्रुव लेकिन हज़ार बिफरे सांडों की शक्ति वाले जिन्नाद के हाथ से अंगूठी निकालना असंभव है!
क्या तुम्हारी तंत्र ऊर्जा कुछ क्षणों के लिए इसे बांध सकती है?

प्रयास करता हूं।
ठहरो, महाकाल!
तुम्हें तंत्र ऊर्जा का प्रहार सीधे जिन्नाद पर नहीं करना है, बल्कि कहीं और करना है।
अपनी तंत्र ऊर्जा मेरी स्टार लाइन पर छोड़ो।

आर्र्र्र्र्रघ!
तुम क्या करने की कोशिश कर रहे हो मेरी कुछ समझ में नहीं आ रहा है।
समझ आ जाएगा, बस जो कह रहा हूं वह करो!

यह कैसे हुआ??
जिन्नाद कोई रूह या आत्मा नहीं एक शरीर धारी प्राणी है और हर शरीर में कुछ खास नसें होती हैं जिनका अगर रक्त प्रवाह रोक दिया जाए तो वह शरीर लकवाग्रस्त हो जाता है।
महाकाल की तंत्र ऊर्जा ने मेरी नायलो-स्टील की स्टार-लाइन में अन्य ऊर्जा की तरह ही प्रवाहित हो कर उन नसों में रक्त प्रवाह को बाधित कर दिया।
अब इसके हाथ से अंगूठी आराम से उतारी जा सकती है।
जिन्नाद तो काबू में आ गया लेकिन वूडू पर काबू करना मुश्किल है!
पिछली बार जब वूडू से मेरी मुठभेड़ हुई थी तब उसके पास इतनी अधिक शक्तियां नहीं थीं!
वूडू की बढ़ी हुई शक्तियों का किसी हद तक दोषी उसका गुरु यानी मैं हूं!

"लेकिन बलसाड की बूढ़ी हो रही हड्डियों पर वह चंद सालों की कैद बहुत भारी पड़ी!"

"जेल से आजाद हुआ तब बलसाड दुर्बल और अशक्त हो चुका था"

"बलसाड हमारी शरण में आया! उसने मुझसे मिन्नतें की कि मैं उसे अपना शिष्य बना लूं!"

"साथ ही उसने सुधर जाने और अपने असाध्य रोग की दुहाई भी दी।"

"उसकी दशा देख कर मेरा हृदय द्रवित हो गया और मैंने उसे अपना शिष्य बना लिया! बस यही मेरे जीवन की सबसे बड़ी भूल थी!"

"बलसाड के भीतर काले जादू को नियंत्रित करने की असाधारण क्षमता थी। बलसाड ने कुछ दिनों में ही उन विद्याओं में सिद्धि प्राप्त कर ली।"

एक दिन अचानक बलसाड मेरे आश्रम से गायब हो गया।

उसके साथ ही कुछ तामसिक प्रवति वाले अघोरी भी गायब थे।

मुझे उसके इरादों की भनक लग चुकी थी, मैं उसकी तलाश में निकल पड़ा!

लेकिन वूडू को ढूंढते हुए आप यहां तक कैसे पहुंचे? और अनाथालय के बच्चों व अंश का इस सबसे क्या सम्बन्ध है?

बहुत गहरा सम्बन्ध है! अंश ही तो वह शक्ति है जिसे वूडू हासिल करना चाहता है!

क्या?

इस अनाथालय के सभी बच्चे विशिष्ट हैं... वह क्या कहते हैं अंग्रेजी में..हां..स्पेशल्स!

परन्तु अंश अति-विशिष्ट है!

यूं समझ लो कि अंश काली शक्तियों के मानव दुनिया में प्रवेश द्वार की कुंजी है, जोकि प्रवेश द्वार बंद भी कर सकती है और खोल भी सकती है!

आपकी बात से तो दुविधा कम होने के बजाय और बढ़ गई!

इतना समझ लो यदि अंश वूडू के हाथ लग गया तो अनर्थ हो जाएगा! हमें अंश और वूडू को ढूंढना होगा!

य...यह हेलोवीन मनाने का कौन सा तरीका है?
हटो सामने से, तुम सब जैक के किसी काम के नहीं हो!
खेल तमाशा बहुत हुआ बच्चों! चुप-चाप इन लोगों को छोड़ दो वर्ना हमें मजबूरन तुम लोगों पर हाथ उठाना होगा।

जैक को धमकी पसंद नहीं! धमकी देने वाले भी नहीं।
यह स्पेशल इफैक्ट नहीं हो सकता।
यह स्पेशल इफैक्ट वाले नहीं स्पेशल इम्पैक्ट वाले गोले दाग रहा है साहब जी!

म..मुझे हेलोवीन का त्यौहार कभी पसंद नहीं आया!
मेरा दिल कहता था कि किसी दिन हेलोवीन कॉस्ट्यूम्स पहने हुए बच्चे सचमुच शैतान बन जाएंगे!

विपरीत शक्ति के संकेत तो हमारे ही अड्डे की ओर बढ़ रहे हैं! यानी विपरीत शक्ति ओराकी एस्टेट्स जा रही है। ओराकी! अड्डे की ओर गाड़ी घुमा!

य...यह स... सब किसने किया?
यह विपरीत शक्ति का ही काम है, वह अपना वर्चस्व बढ़ा रही है।

य..यह..सारे लोग मर गए हैं क्या?
नहीं सिर्फ तंत्र शक्ति से बेहोश किये गए हैं!
विपरीत शक्ति को बुलाने और कंट्रोल करने वाला भीतर ही होगा, जरा पता तो चले कि कौन सूरमा...

तू!!!
चौंक गए? नहीं चौंकते तो मुझे मजा नहीं आता वूडू उर्फ प्रोफेसर बलसाड!

मुझे पहले ही समझ जाना चाहिए था कि स्वामीनाथन के बाद विपरीत शक्ति को कंट्रोल करने की कोशिश सिर्फ तू ही कर सकती है!
कोशिश बहुत छोटा और घटिया शब्द है!
कियारा कोशिश नहीं करती कामयाबी हासिल करती है जिसका सबूत...

तेरे सामने है।
जैक मारेगा, गंदे लोगों को मारेगा जैक!!

तू बहुत शातिर है लड़की, मेरी हर चाल सोच कर तूने अपने पत्ते बिछाए हैं।
अब मैं जान गया कि मेरे आह्वाहन में बाधा उत्पन्न करने वाली तू ही थी!!
लेकिन तू नहीं जानती कि मैं अपना आह्वाहन संपन्न कर चुका था!
क्या?
हाहाहा! चौंक गई? नहीं चौंकती तो मुझे मज़ा नहीं आता!
जैसे इस लड़की ने अंश के शरीर में जैक की आत्मा प्रविष्ट कराई है मैं तेरे शरीर में उसकी आत्मा प्रविष्ट करूंगा जिसने जैक की जान ली थी जिसका नाम है...
रिपर!
आह!!
य..यह क्या कर रहे हो मास्टर?
गन्दा आदमी रिपर! जैक मारेगा!
हर्रर...पिछली बार तेरा सर काटा था, इस बार तेरे शरीर के सौ टुकड़े करूंगा!
जब-तक यह दोनों अपने आपस का मामला सुलझाते हैं क्यों न हम दोनों भी आपस का मामला सुलझा लें?
बढ़िया विचार है, मरने के बाद तेरी आत्मा पर कोई बोझ नहीं रहना चाहिए।
मरना तो तुझे है चुड़ैल...

"...लेकिन मेरे कुछ सवालों का जवाब देने के बाद!"
इतने सारे लोगों को यहां क्रॉस पर किसने बांधा!
कितना डरावना दृश्य है!
हमें सावधानी से आगे बढ़ना होगा ध्रुव...
...क्योंकि काले जादू से बंधे यह लोग हम पर आक्रमण कर सकते हैं।
ऊफ! ये तो हमें अपनी जगह क्रॉस पर बांधने की कोशिश कर रहे हैं।

यह लोग हैं तो आम इंसान ही, हम इन पर घातक वार नहीं कर सकते।
ध्रुव इनसे निपटने का कोई रास्ता सोचो।
सोचने की कोशिश कर रहा हूं।
लेकिन यह लोग सोचने दें तब सोचूं ना।

मुझे एक तरीका समझ आया है जो शायद इन्हें ठीक करने में कारगर सिद्ध हो!
क्या है वह तरीका?
इन सभी क्रॉस के ऊपरी सिरे पर एक लाल कपड़ा बंधा है।
मैंने किस्सों में सुना है कि इस प्रकार के कपड़े का प्रयोग प्रेत बांधने के लिए किया जाता है।
देखते हैं कि इसे नष्ट करने से इन लोगों पर कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं!
यह तंत्र बाधा है, मैं तंत्र मुंड की अग्नि से अभी इन सभी क्रॉस पर बंधी तंत्र बाधाओं को नष्ट करता हूं!
असर हो रहा है, क्रॉस से बंधा लाल कपड़ा नष्ट होते ही व्यक्ति बेहोश हो कर गिर रहे हैं।
उम्मीद है होश में आने पर यह सभी लोग सामान्य हो जाएंगे!
हे भगवान! अब इस मुसीबत से कैसे निपटेंगे।

यह बच्चे जैक के वश में हैं! अब तो काल-सूत्र भी इन्हें ठीक नहीं कर सकता!
काल सूत्र? वह क्या है?
तुमने देखा होगा मांएं अपने बच्चों को बुरी नज़र से बचाने के लिए काला धागा बांधती हैं, वैसे ही काल-सूत्र बुरी आत्माओं के प्रभाव से बच्चों को बचाता है!
इनके इरादे ठीक नहीं लग रहे और यहां तो कोई प्ले-हाउस भी नहीं है ध्रुव!

उफ्!! यह मासूम बच्चे खुद नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं!

और इनकी संख्या इतनी अधिक है कि इन्हें रोकना मुश्किल होगा।

बच्चे हमें सिर्फ बंदी बना कर ले जा रहे हैं।

हेलोवीन की इस यादगार रात के आखिरी पहर...

और तुम सबकी मृत्यु के अवसर पर कियारा तुम सबका स्वागत करती है!

कियारा तुम!

तुम! तुम जिंदा हो!

तुम इसे कैसे जानती हो सितारा?

कियारा मेरी जुड़वा बहन है।

मेरे माता-पिता जिस आग में जल कर मरे थे वह इसी की लगाई हुई थी।

अब तक मैं समझती थी कि ये भी उस आग में जल कर मर चुकी है।

हम दोनों को तो जिंदा बचना ही था बहना क्योंकि हम दोनों स्पेशल्स हैं।

नहीं समझी? समझाती हूं!

कभी सोचा है कि एक ही भीषण हादसे में माता-पिता की मृत्यु होने पर भी उनके बच्चे जीवित क्यों बच जाते हैं?

क्योंकि माता-पिता बच्चों पर आई मृत्यु अपने ऊपर ले लेते हैं।

बहुत ही भाग्यशाली होते हैं वे बच्चे, तेरी और मेरी तरह। जैक और जेम्स की तरह।

जैक और जेम्स, हेलोवीन रात्री के सूत्रधार!

सदियों पहले हेलोवीन किसानों द्वारा अच्छी फसलों के लिए इश्वर को धन्यवाद देने की प्रथा के रूप में मनाया जाने वाला त्यौहार मात्र था!

"जैक और जेम्स दो जुड़वां भाई, सूरत एक लेकिन सीरत बिलकुल विपरीत! लोगों का मानना था कि जेम्स गैब्रिएल नामक फरिश्ते का अवतार है और जैक ल्युसिफर नामक शैतान का!"

"एक रात जब पूरा समुदाय हेलोवीन का जश्न मनाने में व्यस्त था तब जैक ने सारी फसलों को आग लगा दी, सारा समुदाय जल कर खाक हो गया, जैक के माता-पिता भी! बचे सिर्फ जैक और जेम्स क्योंकि वो दोनों दुनिया के पहले स्पेशल्स थे।"

"यह लगभग वही समय था जब पूरा उत्तरी योरोप 'रिपर' नामक बच्चों के हत्यारे से त्रस्त था!"

"अपनी तंत्र सिद्धि पूर्ण करने के लिए बच्चों की निर्मम हत्या कर रहा रिपर एक असाध्य रोग से ग्रस्त था और उससे बचने का उसके पास सिर्फ एक ही तरीका था!"
"जुड़वां स्पेशल्स में से सात्विक प्रवृति वाले स्पेशल बच्चे की बलि!"

"अथक प्रयास के बाद रिपर जुड़वा स्पेशल्स को ढूंढने में कामयाब हो गया लेकिन उससे एक गलती हो गई..."
"गैब्रियेल के अवतार जेम्स के धोखे में उसने ल्युसिफर के अवतार जैक की बलि दे डाली!"

"वैसे भी दुष्टात्माओं में सबसे विनाशकारी बच्चों की आत्माएं होती हैं और फिर जैक तो खुद ल्युसिफर का अवतार था।"
जैक की आत्मा हर साल हेलोवीन की रात जैक-ओ-लैनटर्न बन कर बच्चों को सम्मोहित करती और उनके द्वारा उनके माता-पिता को क्रॉस पर चढ़ा देती।

"क्योंकि जैक हेलोवीन की रात बच्चों को अपने वश में करता था इसलिए लोगों ने हेलोवीन रात्री को बच्चों को भूत-प्रेत और चुड़ैलों के रूप में सजाना शुरू किया ताकि जैक की आत्मा भ्रमित हो जाए कि ये बच्चे उसी के साथी हैं।"

"इस दौरान जैक का जीवित बचा भाई जेम्स चर्च का सिद्ध पादरी बन गया और सेंट जेम्स के नाम से जाना गया!"
"उसने अपनी सत्य शक्ति से जैक की आत्मा को नर्क में कैद कर दिया।"
लेकिन इस पूरी कहानी में स्वामीनाथन, अंश और तुम कहां फिट बैठते हो?
जेम्स और जैक की तरह सितारा और मैं भी स्पेशल्स हैं।
जो मृत्यु हम दोनों के लिए निश्चित थी उसे हमारे माता-पिता ने अपने ऊपर ले ली और हम दोनों ही जीवित बच गए!
सितारा अपना उद्देश्यहीन जीवन जीती चली गई लेकिन मेरे जीवन का उद्देश्य बहुत बड़ा था, स्पेशल्स की शक्ति पर काबू करना।
जरा सोच कमांडो, जो बच्चे इतने स्पेशल हों कि मृत्यु भी उन्हें ना मार पाए तो उनकी सम्मिलित ऊर्जा धारण करने वाला शख्स कितना शक्तिशाली होगा!

"मैंने पेरानॉर्मल साइंस का अध्ययन किया और स्वामीनाथन की असिस्टेंट बन गई! अब इसे शैतान का चमत्कार कहो या फिर मेरे स्पेशल होने का भाग्य, स्वामीनाथन ने मेरे लिए वह राह खोल दी जिसे मैं वर्षों से तलाश रही थी।"

"स्वामीनाथन के बेटे अंश में जन्म से ही चमत्कारी शक्तियां थीं जोकि मानव विज्ञान से परे थीं।"
"उसका एक स्पर्श कोढ़ियों के कोढ़ ठीक कर सकता था।"
"अंश की शक्तियों का रहस्य जानने के लिए स्वामीनाथन ने अंश पर कुछ प्रयोग किये।"

"स्वामीनाथन ने सोल एनालाईज़र नामक एक मशीन बनाई थी जोकि किसी भी मनुष्य के पिछले सभी जन्मों का विवरण दे सकती थी।"
जानते हो कमांडो अंश की आत्मा छः सौ वर्ष पूर्व किसके शरीर में थी? खुद सेंट जेम्स के, जोकि फ़रिश्ते गैब्रिएल का अवतार था।

स्वामीनाथन नहीं चाहता था कि दुनिया इस बात को जाने, वह अपने बेटे को एक आम इंसान का जीवन देना चाहता था। बेवकूफ था। जो जन्म से ही स्पेशल हो उसे भला आम जीवन कैसे मिल सकता है!
अंश के रूप में मुझे दुनिया भर के स्पेशलस की सम्मिलित ऊर्जा हथियाने का रास्ता नज़र आ रहा था!

जानते हो कमांडो सेंट जेम्स के लिए अपने भाई जैक की आत्मा को नर्क में कैद करना इतना आवश्यक क्यों था? क्योंकि जैक की आत्मा सारी दुनिया में जिस एक शरीर पर कब्ज़ा कर सकती थी वो उसके जुड़वा भाई जेम्स का था।

अंश एक तरीके से सेंट जेम्स का ही पुनर्जन्म था, यानी जैक की आत्मा अंश के शरीर में प्रविष्ट हो सकती थी।

लेकिन जैक की आत्मा तो नर्क में कैद थी?

"नर्क में कैद किसी आत्मा को पृथ्वी पर लाने की शक्ति सिर्फ अघोरियों के पास होती है। अपने मतलब के अघोरी को ढूंढते हुए मैं जा टकराई प्रोफेसर बलसाड उर्फ वूडू से।"

"मैंने वूडू को परामानवीय विज्ञान की शक्तियां दीं और वूडू ने मुझे काले जादू की सिद्धियां।"

"हमने जैक की आत्मा को नर्क से आज़ाद करके अंश के शरीर में प्रविष्ट करा दिया, लेकिन अंश की सदात्मा ने जैक की आत्मा को खुद पर हावी नहीं होने दिया।"

"दूसरी ओर वूडू मुझे ही डबल क्रॉस करने का प्लान बनाए बैठा था।"

"वूडू भी उसी असाध्य रोग से ग्रस्त था जिससे जैक का हत्यारा रिपर ग्रस्त था! यदि वूडू अंश की सदात्मा की बलि दे देता तो उसकी जान बच सकती थी।"

"वूडू को अंश चाहिए था और मुझे जैक! इस बीच स्वामीनाथन को मेरी योजना की भनक लग गयी और वह अंश को लेकर भाग निकला।"

वूडू ने इसी मौके का फायदा उठा कर अघोरा द्वारा स्वामीनाथन के परिवार पर हमला करवाया!
लेकिन बेचारा ये नहीं जानता था कि ऐसा कर के अघोरा द्वारा वो अंश के चारों ओर पाप शक्ति फैला रहा था जो जैक की आत्मा को बल दे रही थी!
अंश के शरीर में मौजूद जैक की आत्मा ने ही अघोरा, स्वामीनाथन और उसकी पत्नी की बलि ले ली?
अंश में सिर्फ एक कमी थी कि वह स्पेशल नहीं था।
उसके माता-पिता की मौत के बाद वह कमी भी दूर हो गई और अंश दुनिया के सभी स्पेशल्स में सबसे अग्रणी बन गया।
जैक की आत्मा को क्रियान्वित करना आसान नहीं था। यह कार्य सिर्फ उस शख्स की आत्मा ही कर सकती थी जो कि स्पेशल्स में जुड़वां हो और तामसिक प्रवृति रखता हो।
और ये एलिजेबिलीटी तुम पूरा करती थीं।
बेशक, लेकिन मेरे सामने एक समस्या थी।
जैक को जीवित करने के लिए मुझे खुद मरना मंजूर नहीं था मैंने तंत्र सिद्धि से अपने शरीर से अपनी आत्मा को बाहर निकला।
फिर तुमसे वे तंत्र बंधन कटवाए जोकि जैक की आत्मा को प्रबल बनाने का अहम हिस्सा थे।
अंश के पूर्ण रूप से जैक बनने से लेकर मुझे पुनर्जीवित करने तक की प्रक्रिया में तुमने मेरी मदद की कमांडो।

मैं ही क्यों?
क्योंकि तुम भी स्पेशल हो। तुम्हारे मां-बाप भी तुम्हारी मृत्यु अपने साथ ले गए थे।
मेरी आत्मा को दोबारा मेरे शरीर में प्रविष्ट करने की क्रिया कोई स्पेशल सदात्मा ही कर सकती थी।
अंश को जैक बनाने के बाद उसे काबू करना ज्यादा मुश्किल नहीं था क्योंकि उसे जैक बनाने की प्रक्रिया मैंने पूर्ण की थी इसलिए जैक की आत्मा मेरे अधीन थी।
जैक ने सितारा के अनाथालय के बच्चों के साथ-साथ शहर के बाकी बच्चों को सम्मोहित क्यों किया?
अपनी युगों से सोई शक्तियों को जगाने का यही तो तरीका था।
अब उन बच्चों द्वारा उनके ही मां-बाप की बलि देकर जैक पुनः अविजित बन जाएगा और उसके ज़रिये मैं।
आखरी सवाल, वूडू का क्या हुआ ?
जैक और मेरी सम्मिलित शक्ति से मैंने ओराकी के शरीर और रिपर की आत्मा दोनों को विखंडित कर दिया।
और वूडू के दर्शन तुम नज़रें ऊपर उठा कर कर सकते हो।

हे भगवान! ये मर गया क्या ?
अभी नहीं, कुछ तामसिक क्रियाओं के लिए इसका जिंदा रहना ज़रूरी है, लेकिन अब तुम लोगों का जिंदा रहना बिलकुल गैरज़रूरी है!
लम्बी कहानी थी इसे थोड़ा शॉर्ट कर सकती थीं।
खैर! तुम कहानी को क्लाइमैक्स तक पहुंचाने के लिए तैयार हो सितारा?
WITH PLEASURE!
अब तुम लोग हमें छोड़ सकते हो बच्चों, ड्रामा खत्म।
यह क्या हुआ? बच्चे जैक के सम्मोहन से आज़ाद कैसे हुए?
जैक फिर से इन्हें अपना साथी बनाएगा!
उसका समय तुझे अब नहीं मिलने वाला दुष्टात्मा !
इन बच्चों का सम्मोहन भंग होने से तेरी शक्तियां पुनः सीमित हो जाएंगी, अब तू मेरा सामना नहीं कर सकता!

बचपन से लेकर आज-तक मैं यही दुआ करती रही कि तू एक बार मुझे जिंदा मिल जाए हत्यारिन, मां-पापा की मौत की सजा मैं तुझे अपने हाथों से दूंगी!

धड़ाक

यह जगह तुम्हारे लिए खतरनाक हो सकती है बच्चों, तुम लोग यहां से बाहर निकलो मैंने कमांडो हेडक्वार्टर और पुलिस को इन्फॉर्म कर दिया है, मदद आती ही होगी!

आह!!

हाथ-पांव तू अच्छा चला लेती है बहना लेकिन मेरी तंत्र और परामानवीय शक्तियों के सामने ये बेकार हैं!

जैक के रहते तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते...जैक!! खत्म कर दो इन सबको!
मुझे तुम्हारा दिल तोड़ते हुए बहुत दुःख हो रहा है लेकिन अफ़सोस...
...जैक अब तुम्हारा आदेश नहीं मान सकता!
वूडू!! तूने वूडू को आज़ाद करा लिया!!
हां! मैं न सिर्फ आज़ाद हो गया बल्कि मैंने अभिमंत्रित शक्ति से जैक की आत्मा को वापस नर्क भेज दिया है।
पर तू तो अधमरी अवस्था में मेरी गुलाम आत्माओं की कैद में था?
महाकाल ने मुझे बताया था कि वूडू का तंत्र मुंड उसके रोग के विरुद्ध प्रतिरोधक का काम करता है,
जब तू सितारा से लड़ने में व्यस्त थी तब मैंने वूडू का तंत्र मुंड उस तक पहुंचा दिया!
"रहा सवाल तेरी गुलाम आत्माओं का तो एक गुलाम मेरे पास भी था! वूडू का जिन्नाद! महाकाल ने वूडू के जिन्नाद की मदद से तेरी गुलाम आत्माओं का सफाया कर दिया!"

जैक की आत्मा अंश के शरीर में मैंने ही प्रविष्ट कराई थी इसलिए मैं ही उसे वापस नर्क भेज सकता था।
मेरे पास और कोई चारा भी नहीं था! ध्रुव ने मुझे तेरी कैद से आज़ाद कराने की यही शर्त रखी थी!
उफ!! अगर जैक की शक्ति उसके अनुयायी बच्चों का सम्मोहन टूटने से क्षीण न होती तो तू ऐसा कभी नहीं कर पाता बूढ़े!
इस कमांडो ने मेरे सारे किये-कराये पर पानी फेर दिया।
मैंने तो सिर्फ उन बच्चों पर पानी फेरा था।
व्हाट!! पानी?
हां, अभिमंत्रित पानी। लेकिन वह पानी भी मैंने नहीं फेरा उसे फेरने वाला शख्स है...
..किशोर!
यहां आने से पहले ही मैंने किशोर से संपर्क किया था, क्योंकि मुझे आभास था कि हमें किशोर की मदद की ज़रूरत पड़ सकती है और किशोर पहुंचा भी बिलकुल ठीक समय पर...
...जब सम्मोहित बच्चे हमें बंदी बना कर तुम्हारे पास ला रहे थे। किशोर मेरे कहने पर अपने साथ अभिमंत्रित जल भी ले आया था जोकि जादू-टोने को काट देता है।

किशोर के अभिमंत्रित जल का सेवन मैंने, सितारा और महाकाल ने बच्चों के साथ भीतर आने से पहले ही कर लिया था।
इसलिए तुम या वूडू फिलहाल हमें कोई नुक्सान नहीं पहुंचा सकते।
"अभिमंत्रित जल बच्चों पर छिड़कते ही उन पर से सम्मोहन हट गया!"
वूडू अघोरी समाज का दोषी है, इसे सजा अघोरी समाज के कानून के अनुसार ही मिलेगी।
मैं वूडू को बंदी बना कर अपने साथ ले जा रहा हूं!
और अब तुम्हारी बारी कियारा...
बारी...मेरी बारी... कियारा की बारी..हा!हा!हा!! कियारा तो स्पेशल है.. सबसे स्पेशल...!
यह पागलों की तरह बर्ताव क्यों करने लगी?

अपनी प्लानिंग बर्बाद होते देख इसने वाकई अपना मानसिक संतुलन खो दिया है।
अब इसको सिर्फ एक ही जगह भेजा जा सकता है, मेंटल असाइलम!
मुझे खुशी है ध्रुव कि इसके घिनौने अपराधों की भगवान ने इसे मौत से भी बदतर सजा दी है!

बुद्धि के आगे बल तुच्छ है ये तुमने साबित कर दिया ध्रुव परन्तु जाते जाते तुम्हारे लिए मेरी एक सलाह है...
सावधान व् सतर्क रहना, आने वाले समय में तुम्हारे कई पुराने चीर शत्रु तुम्हारे विरुद्ध अपनी बुद्धि और बल सम्मिलित करने वाले हैं!

तुम्हें सावधान रहना होगा ध्रुव!
मैं हमेशा सावधान रहता हूं सितारा।
लेकिन समय अपने गर्भ में क्या छिपाए बैठा है यह समय ही बता सकता है।

हाहाहा! मार दूंगी तुझे मैं कमांडो! ऐसी जगह मारूंगी जहां तुझे पानी तक नसीब नहीं होगा...

समाप्त!

हर नायक का एक युग होता है! पर हर युग का एक अंत भी होता है! अंत हो चुका है राजनगर में सुपर कमांडो ध्रुव के युग का भी! बची है तो सिर्फ उसकी यादें!
लेकिन हर युग के अंत के बाद शुरूआत होती है एक नए युग की! शुरू हो चुका है एक नया युग, और इस युग का सूत्रधार है एक कोड नेम...
Scienc
Self-learni
कोड नेम कॉमेट
राज कॉमिक्स में सुपर कमांडो ध्रुव का एक युग परवर्तक कॉमिक्स विशेषांक!